मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 305, मुंबई, शनिवार, 21 जनवरी, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर
# दो करोड़ का सोना जब्त



## अजरबैजान नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने तीन किलो सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है। सोने की तस्करी के मामले में 37 वर्षीय अजरबैजान के नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

**अलीयेव ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसे इस बात की जानकारी थी कि यात्रा के दौरान उसके पास सोना है। उसे भरा बैग दुबई में एक अज्ञात व्यक्ति ने सौंपा था, जिसने उसको इसके बदले मोटी रकम देने का वादा किया था**

# दरिंदगी की हद पार !

## *नागपुर में गैंगरेप के बाद हत्या, फिर शव के साथ भी की हैवानियत*

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। खेत में मजदूरी करने वाली एक महिला के साथ तीन दरिंदों ने मिलकर बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी। दरिंदगी की हद यहीं तक नहीं रही। तीनों आरोपियों में से एक ने थोड़ी देर बाद उस महिला के शव के साथ भी दरिंदगी की। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



**शोभना की हत्या के बाद भी कुछ वक्त तक तीनों दरिंदे वहीं खेत में छुप कर जमे रहे। इसके बाद एक दरिंदे ने जाकर एक बार फिर खून से सनी हुई उस लाश के साथ भी बलात्कार किया**

## महाराष्ट्रः पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत की कार को डंपर ने उड़ाया

## गर्दन और पीठ में लगी गंभीर चोटें



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दीपक सावंत की गाड़ी की भीषण दुर्घटना होने की खबर है। इस कार दुर्घटना की वजह से पूर्व मंत्री की गरदन, पीठ और रीढ़ में गंभीर चोट लगी है। उन्हें मुंबई के अंधेरी में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डॉ. दीपक सावंत शुक्रवार (20 जनवरी) की सुबह काशिमीरा से पालघर की ओर जा रहे थे, तब यह दुर्घटना हुई। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

***कुछ दिनों से नेताओं के रोड एक्सिडेंट्स की घटनाओं में आई तेजी***

दैनिक मुंबई हलचल

**जरूरी सूचना**

सभी को सुचित किया जाता है कि अगर दै. मुंबई हलचल के नाम पर कोई व्यक्ति संवाददाता बता कर आपसे कोई भी गलत व्यवहार करता है तो आप तुरंत अपने स्थनीय पुलिस स्टेशन में जाकर उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये, अगर आप उस व्यक्ति से कोई लेन-देन करते हैं तो उसका जिम्मेदार आप खुद होंगे.

धन्यवाद...संपादक

आप दै. मुंबई हलचल के कार्यालय में नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं

9820961360

# 'राहुल को आवाज उठाने वाले नेता की तरह देखता हूं'

## 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुए संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना के ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत शुक्रवार, 20 जनवरी को राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा आज जम्मू के कठुआ से शुरू हुई। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कल जम्मू-कश्मीर पहुंची। जम्मू में पहुंचते ही राहुल गांधी ने भी टीशर्ट के ऊपर एक जैकेट पहन ली। अब तक कड़क ठंड में भी वे सिर्फ एक सफेद टी-शर्ट में नजर आ रहे थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## हमारी बात

### जलवायु परिवर्तन की मार




**एक और खबर यह है कि जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियों की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप की पश्चिमी समुद्र तटरेखा पर भारी संकट खड़ा हो गया है। तटीय इलाकों को समुद्र अपनी चपेट में लेता जा रहा है। इससे लोगों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई है।**

**जलवायु** परिवर्तन का असर अब दुनिया पर इतनी तेजी से दिखने लगा है कि ऐसी आपदाएं अब आम खबर जैसी हो गई हैं। असामान्य मौसम तो अब दुनिया भर का अनुभव हो गया है। यूरोप में ठंड के मौसम में इस बार तापमान जितना ऊंचा रहा, वह आश्चर्यजनक ही था। उधर भारत के मैदानी इलाकों में तापमान इतना नीचे गया, जितना पहले शायद कभी ही होता था। अब एक और खबर यह है कि जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियों की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप की पश्चिमी समुद्र तटरेखा पर भारी संकट खड़ा हो गया है। तटीय इलाकों को समुद्र अपनी चपेट में लेता जा रहा है। इससे लोगों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई है। कैमरून, इक्वाटोरियल गिनी, नाईजीरिया, टोगो और बेनिन समेत घाना की सीमा से लगी गिनी की खाड़ी मछली उद्योग के अलावा समुद्री व्यापार का बड़ा मार्ग है। लेकिन अब इस खाड़ी के किनारे बसे देशों में समुद्र का पानी इंसानी बसेरों को निगलने लगा है। कई लोगों के घर समुद्र में समा चुके हैं। लगातार आने वाले समुद्री ज्वार ने घाना के फुवेमे जैसे समुदायों पर कहर बरपाया है। घर, स्कूल और सामुदायिक केंद्र, सब बह गए हैं और सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए हैं। घाना की तट रेखा 500 किलोमीटर से ज्यादा लंबी है। देश की करीब एक चौथाई आबादी समुद्र के किनारे रहती है। यूनेस्को के एक अध्ययन के मुताबिक घाना के पूर्वी तट की करीब 40 प्रतिशत जमीन 2005 से 2017 के बीच कटाव और बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। घाना के तटीय क्षेत्र वोल्टा में फुवेमे, कीटा और ऐसे ही 15 बसावटें कभी फलते-फूलते मछुआरों के गांव हुआ करती थीं। अब वहां खेती की जमीन पर समुद्र का पानी कब्जा होता जा रहा है। वैसे जानकारों के मुताबिक तटीय कटाव की वजह सिर्फ जलवायु परिवर्तन नहीं है। वजह मानवीय गतिविधियां भी हैं। इलाके में भूजल का अत्यधिक दोहन, रेत का खनन, मैंग्रोव जंगलों की कटाई आदि जैसी गतिविधियां शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन और इन सब गतिविधियों ने मिल कर स्थानीय आबादी के लिए अत्यंत गहरा संकट खड़ा कर दिया है।

# रिश्वतखोरी : 'चलता फिरता गोरखधंधा'

**दुनिया** के किसी भी देश में आप चले जाएं ईमानदारी से होने वाले कार्य बहुत ही कम दिखाई देंगे। बहुत ही कम लोग होंगे जो सच का साथ देते हैं और सच के लिए लड़ते हैं। हमारे देश में लोगों की मानसिकता का स्तर इतना गिर रहा है कि परिस्थिति वश होने वाली समस्याओं का जन्म लेना लाजिमी है, उसमें भी कई काम ऐसे होते हैं जो जनता से छुपकर किए जाते हैं, जनता को बेवकूफ बनाया जाता है और उन्हें गुमराह करके उनसे कुछ ऐसे काम भी करा लिए जाते हैं जो उनके जीवन के लिए खतरनाक साबित होता है। भोले भाले नागरिको को अपनी जालसाजी के भंवर में लोग इस तरह फंसाते हैं, जिसकी वजह से वो ना जी सकते हैं ना मर सकते हैं और उनके पास कोई रास्ता भी नहीं बचता है कि वह इस से बाहर निकल पाए।



मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है वह समाज में रहकर की अपनी सारी इच्छाओं को पूर्ण करता है और उन सभी वस्तुओं का इस्तेमाल करता है जो उनकी दिनचर्या में रोजाना काम आती है पर क्या यह सभी सभी वस्तुएं शुद्धता की खरी-खोटी पर आधारित है? क्या यह सभी वस्तुएं आप तक बड़ी आसानी से पहुंच पाई हैं? और उन में पाई जाने वाली गुणवत्ता आपके स्वास्थ्य के लिए कितनी हानिकारक और कितनी लाभदायक! क्या आप जानते हैं? इन सब वस्तुओं का इस्तेमाल करने पर यदि आपका स्वास्थ्य खराब होता है तो आपको डॉक्टर के पास जाना पड़ता है, फिर डॉक्टर भी लंबी दवाइयों की लिस्ट बनाकर अपने ही अस्पताल के केमिस्ट में भेज देते हैं, ताकि उनका कमीशन भी उसमें मिले और जो दवाई दे रहा है उसे भी वह कमीशन प्राप्त हो। इससे जनता को मजबूर होकर महंगी दवाइयां लेनी पड़ती है, ना चाह कर भी उन्हें अपनी गृहस्थी का कुछ पैसा बचा कर परिजन के जीवन को बचाने के लिए बहुत मुश्किल से यह दवाइयां खरीदते हैं। मूल रूप से अंकित दवाइयों के दाम से ऊपर लोगों को यह दवाइयां लेनी ही पड़ती है, इन सब के पीछे कोई कार्यवाही नहीं होती है, क्योंकि यह सब काम एक तरह से दाल भात की तरह हो गया है जिस पर लोग आवाज उठाना नहीं जानते हैं!



कई बार जब कोई केस बिगड़ जाता है अस्पताल में उस इंसान की मृत्यु के बाद भी लोगों को यह दिलासा दिलाया जाता है कि वेंटिलेटर पर है और दवाइयों का अरेंजमेंट करें फिर मजबूर होकर वह दवाइयां लेने जाते हैं, जबकि वह इंसान कब का मर चुका होता है! लेकिन कई डॉक्टर इस तरह पैसे वसूलने के बाद मृत इंसान को मृत घोषित करते हैं। यह कालाबाजारी, गोरखधंधा कब तक चलेगा? इस पर कोई आवाज उठाना क्यों नहीं जानता?

कई बार अपराधी भी अपराध करके रिहा हो जाते हैं, जेल की दीवारों से निकलकर बाहर घूमते है, आसानी से जेल से ये रिहा होते कैसे है? इसके पीछे भी पुलिस प्रशासन के कुछ मिले हुए लालची व्यक्तियों का हाथ होता है जो रिश्वत लेकर अपराधी को रफा-दफा कर देते हैं और खतरनाक मुजरिमों को चंद पैसों की लालच के लिए उन्हें रिहा कर के खुश होते हैं, इस पर भी उस क्षेत्र के कुछ बाहुबलियों का हाथ होता है, जिनके दबाव में पुलिस प्रशासन भी रहती है। पर जब देश के रक्षक ही गलत करने लगे तो जनता इंसाफ मांगने किसके पास जाएगी? खुलेआम रोजाना कत्ल होते हैं, कई केस पुलिस थाने में दबे पड़े रहते हैं जो भी होता है इन सब पीछे रिश्वतखोर है। सभी पुलिस वाले ऐसे नहीं होते हैं मगर जो लोग ऐसे होते हैं गलत काम करते हैं उन पर एक्शन क्यों नहीं लिया जाता है? वह गलत पर गलत करते जाते है और अपराधियों को खुलेआम घूमने का टिकट प्राप्त हो जाता है। हिंसा, बलात्कार, भ्रष्टाचार सभी जगह इतना व्याप्त हो गया है, यदि इन सब के पीछे कोई है तो रिश्वतखोरी! रिश्वत लेकर कुछ भी काम करने को लोग तैयार हो जाते हैं। जनता की रक्षा करने वाले भक्षक जिन के चेहरे पर शराफत का मुखौटा लगा रहता है, आखिर कैसे मिलेगा इंसाफ?

रिश्वतखोरी से ही देश हो या उसकी अर्थव्यवस्था सभी कलंकित होता जा रहा है। सभी लोग अपनी मयार्दा को भूलकर गलत कृत्य करते हैं। ऑफिस से लेकर समाज के हर वर्ग में रिश्वतखोरी व्याप्त है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि इसके खिलाफ कुछ लोगों ने आवाज नहीं उठाया, पर उनकी आवाज भी बंद कर दी जाती है रिश्वत देकर! आखिर कब तक चलेगा ये सब? इन सब की रोकथाम होनी चाहिए। सरकार को इस पर सख्त नियम कानून बना देना चाहिए, ताकि नेता और भ्रष्ट लोग गरीबों के साथ अन्याय कर ना सके। ये भ्रष्ट लोग रिश्वत लेकर ही किसी की जमीन पर कब्जा करते हैं और रिश्वत देकर गरीबों का खून भी चूस लेते हैं। नेता कुर्सी के लालच में सत्ताधारी बन कर दबंगई करते हैं, तो आम जनता सुखी कैसे रहेगी? यदि सरकार ही जागृत नहीं होगी, तो लोग इस तरह के गलत काम को अंजाम देते रहेंगे और देश को खोखला करते रहेंगे। रिश्वतखोरी का शिकंजा जड़ से कस चुका है हर कोई वर्जित काम को मनवाना चाहता है। यदि कानून सख्त हो जाए और इस रिश्वतखोरों को कड़ा से कड़ा दंड दिया जाए, तो इस पर कुछ हद तक लगाम कसी जा सकती है। जनता को भी आवाज उठाना चाहिए और आगे बढ़ कर विरोध करना चाहिए तभी एक न्यायिक राज्य का निर्माण हो सकता है और ऐसे लोगों को दंडित करके अन्याय को रोका जा सकता है।

**पूजा गुप्ता**
**मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अपराधियों के दिल में डर और खौफ पैदा करने के लिए मुंब्रा पुलिस द्वारा आरसीपी और आरपीएफ के साथ मिलकर किया गया रूटीन मार्च

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर के बिगड़ते हालातों पर काबू पाने के लिए और कानून व्यवस्था शहर में बनाए रखने के लिए मुंब्रा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग द्वारा अपनी पूरी मुंबई पुलिस टीम समेत तलोजा से बुलाए गए आरपीएफ और आरसीपी के जवानों के साथ मिलकर रूटीन मार्च किया गया यह रूटीन मार्च की शुरूआत मुंब्रा रेलवे स्टेशन से लेकर वाय जंक्शन तक हर गली में की गई आपको बताते चलें पिछले कई दिनों से मुंब्रा शहर में राजनेताओं द्वारा दिए गए अपशब्द बयान को लेकर मुंब्रा शहर का वातावरण पूरी तरह से खराब हो गया है ऐसे में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग ने हालात को समझते हुए यह रूटीन मार्च कराया गया ताकि शहर में किसी प्रकार का कोई भी विवाद सामने ना आए और शहर के रहवासियों को यह संदेश भी मिल जाए की मुंब्रा पुलिस किसी भी आपातकालीन विपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है रूटिंग मार्च का एक कारण यह भी है मुंब्रा शहर में बढ़ते चोरी की वारदातें और नशेड़ीओ के बढ़ते हौसले उन पर नकेल कसने के लिए नशेड़ी द्वारा की जा रही है खूनी वारदात और फलता फूलता नशे का कारोबार पर प्रतिबंध लगाने की पूरी तरह से कोशिश की जा रही है हालांकि देखा जाए तो मुंब्रा पुलिस स्टेशन में पुलिस के जवान की संख्या शहर की आबादी को देखते हुए बहुत कम है फिर भी अशोक कडलग द्वारा अपने तौर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की पूरी कोशिश की जा रही है।



# हिंदुस्तानी रिपोर्टर के चीफ रफीक कामदार को मिली जान से मारने की धमकी




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** अमृत नगर परिसर के रहवासी परवेज नासिर खान उर्फ परवेज भमाय की गत 18 जनवरी बुधवार रात 2:30 बजे के करीब एक महिला से मोबाइल छीलने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चलाया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए मुंब्रा पुलिस ने 19 जनवरी गुरुवार को परवेज को सवेरे गिरफ्तार कर लिया गया और दोपहर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां पर न्यायालय ने पुलिस हिरासत में रहने के आदेश दिए जब शाम के वक्त पुलिस वैन से आरोपी परवेज को पुलिस स्टेशन में लाया गया था तभी पुलिस स्टेशन में उपस्थित हिंदुस्तानी रिपोर्टर के चीफ रफीक कामदार को देखकर गाली गलौज देना शुरू कर हाथ पैर तोड़ने की साथ जान से मारने की धमकी भी पुलिस स्टेशन में पुलिस अधिकारियों के सामने आरोपी परवेज द्वारा दी गई जिसकी शिकायत रफीक कामदार द्वारा मुंब्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई हिंदुस्तानी रिपोर्टर के चीफ रफीक कामदार ने बताया कि मुंब्रा शहर में आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं पुलिस स्टेशन में दिनदहाड़े पुलिस अधिकारियों के सामने आरोपी द्वारा उस वक्त धमकी दी जा रही थी जब उसे पुलिस लॉकअप के अंदर ले जाया जा रहा था उन्होंने बताया मुंब्रा पुलिस को अपराधियों का जुलूस निकालकर मुंब्रा शहर में घुमाना चाहिए जिससे अपराधियों के हौसले पस्त हो जाएंगे और उनके अंदर पुलिस का डर समा जाएगा जिस तरह से आरोपी परवेज द्वारा भरे पुलिस स्टेशन में धमकी दी जा रही है उससे समझा जा सकता है की आरोपी के दिल में पुलिस का डर और खौफ पूरी तरह से उठ गया है कामदार ने कहा यह आरोपी परवेज जिस दिन जमानत पर छूट कर बाहर आएगा उस दिन मुझ पर हमला जरूर करेगा तो मैं पुलिस आयुक्तालय के उपायुक्त परिमंडल एक के गणेश गावडे और कलवा विभाग के एसीपी विलास शिंदे से और मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग निवेदन किया है कि मामले का पूरा संज्ञान गंभीरता से लें और आरोपी परवेज पर कड़ी कार्रवाई करें आरोपी परवेज के बारे में बताया जा रहा है अमृत नगर परिसर में इनकी दहशत कायम है इस परिसर के लोगों के लिए गए आरोपी सर दर्द बना हुआ है और इस आरोपी के विरुद्ध में कई अपराधिक मामले पर दर्ज है

# पेपर लिखते–लिखते हो गई 9 साल की अनन्या की मौत

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**पंढरपुर।** महाराष्ट्र के पंढरपुर में हैरान करने वाली घटना घटी है। जहां गुरुवार को परीक्षा देने आई तीसरी कक्षा की 9 साल की एक बच्ची की अचानक मौत हो गई। इस घटना ने सभी झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। बच्ची की पहचान अनन्या अतुल भादुले के रूप में हुई है और वह अरिहंत इंग्लिश स्कूल की छात्रा थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरुवार (19 जनवरी) को पेपर होने की वजह से अनन्या



सुबह जल्दी उठी और स्कूल जाने के लिए तैयार हुई। उसने नाश्ते में चाय और बिस्किट भी खाया स्कूल में पेपर सुबह करीब आठ बजे शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि जब परीक्षा समाप्त होने वाली थी, तो अनन्या को अचानक दौरा पड़ा और उसकी क्लासरूम में ही मौत हो गई। इस बीच क्लास में मौजूद शिक्षिका को भी कुछ समझ में नहीं आ रहा था। कुछ देर के लिए क्लास में अफरातफरी का माहौल हो गया। हालांकि शिक्षक और स्कूल स्टाफ तत्काल अनन्या को लेकर अस्पताल भागे, लेकिन एडमिट करने से पहले ही लड़की को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दौरा पड़ने के बाद बच्ची के हाथ-पैर मुड़ गए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संभव है कि अनन्या को ब्रेन हैमरेज हुआ था। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से अनन्या की तबीयत ठीक नहीं थी। अनन्या को दो-तीन दिन पहले हल्का बुखार आया था, लेकिन दवा लेने के बाद वह ठीक हो गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद पंढरपुर में उसका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि पिछले साल मैसूर के टी नरसीपुरा शहर में इसी तरह की एक दिल दहला देने वाली घटना हुई थी। जहां दसवीं कक्षा की एक छात्रा की कथित तौर पर एसएसएलसी परीक्षा देने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। परीक्षा शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद छात्रा क्लास के अन्दर ही गिर गई थी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो करोड़ का सोना जब्त

एआईयू के अधिकारियों ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जांच के दौरान विदेशी नागरिक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास से तीन किलो सोना बरामद हुआ। उसकी कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है। अजरबैजानी पासपोर्ट पर माहिर अलीयेव दुबई से मुंबई आया था। वह बड़े चतुराई से इन सोने को अपने अंडरवियर और अपने हैंड ट्रॉली बैगेज के अंदर छुपाया था। अलीयेव ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसे इस बात की जानकारी थी कि यात्रा के दौरान उसके पास सोना है। उसे भरा बैग दुबई में एक अज्ञात व्यक्ति ने सौंपा था, जिसने उसको इसके बदले मोटी रकम देने का वादा किया था। इससे पहले दुबई से आए दो यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 4.5 करोड़ रुपए के 8.2 किलो सोने के पेस्ट की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत की कार को डंपर ने उड़ाया

डॉ. सावंत की गाड़ी को पीछे से एक डंपर ने आकर जोरदार टक्कर मार दी। डंपर के इस टक्कर से कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास से होकर गुजरने वाले लोग रुक कर मदद करने लगे। तुरंत एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया। एंबुलेंस आते ही डॉ. सावंत को मुंबई के अंधेरी में स्थित अस्पताल के लिए रवाना किया गया। यह दुर्घटना कैसे हुई, अब तक इसकी डिटेल में जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन टक्कर पीछे से मारी गई है। इसलिए कहीं साजिश के तहत तो यह नहीं हुआ है? यह शंका जताई जा रही है। डॉ. सांवत का इलाज शुरू है। पिछले कुछ दिनों से नेताओं की दुर्घटनाओं की खबरों में अचानक तेजी आई है। हाल ही में पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। एक दिन पहले ही वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज हुए। इसी तरह विधायक जयकुमार गोरे, योगेश कदम, बालासाहेब थोरात के वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए। स्वर्गीय विनायक मेटे की कार दुर्घटना में तो मौत ही हो गई। इन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए ही विधानसभा में विपक्षी नेता अजित पवार ने नेताओं से अपील की है कि वे रात के वक्त सफर करने की योजना को टाल दिया करें। यह अपील उन्होंने विधानसभा के शीत सत्र के दौरान सदन के भीतर की थी। पिछली कुछ दुर्घटनाओं में साजिश के आरोप लगाए जा चुके हैं। डॉ. दीपक सावंत की कार दुर्घटना की बात करें तो बिलकुल पीछे से आकर टक्कर मारी गई है। ऐसे में शंका साजिश को लेकर शंकाएं उठनी स्वाभाविक हैं।

### दरिंदगी की हद पार!

यह जानकारी पुलिस ने दी है। सीना चीर देने वाली यह क्रूर घटना नागपुर के खापा पुलिस थाने के सीमाक्षेत्र में स्थित सुरेवानी गांव की है। तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है। आरोपियों के नाम आबू उर्फ दिनेश उइके, नंदकिशोर उइके और सिद्धार्थ पाटील है। महिला खेत में कपास इकट्ठे करने का काम करती थी। महिला ने इन तीनों दरिंदों का प्रतिकार किया था। गुस्से में आरोपियों ने कुल्हाड़ी से वार कर संबंधित महिला को जान से मार दिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारियों के मुताबिक शोभना (35) सुरेवानी गांव की रहने वाली थी। शोभना के पति को बाघ के शिकार के जुर्म में अरेस्ट किया गया है। पति जेल में होने की वजह से वह मजदूरी का काम किया करती थी। घर में अकेली रहने की वजह से आबू उर्फ दिनेश उइके, नंदकिशोर उइके और सिद्धार्थ पाटील की गंदी नजरें उस पर बनी हुई थी। 12 जनवरी को जब वह अकेली खेत में कपास इकट्ठा कर रही थी, तब ये तीनों वहां पहुंचे और उससे छेड़खानी करने लगे। इसके बाद तीनों ने शारीरिक संबंध बनाने की जिद की। शोभना के नकार देने के बाद वे मारपीट पर उतर आए। पीड़िता ने चीखपुकार मचाई लेकिन खेत के आसपास कोई नहीं था। वो बिलकुल असहाय थी। तीनों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।

### 'राहुल को आवाज उठाने वाले नेता की तरह देखता हूं'

संजय राउत जब भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए तो जम्मू में आज सुबह हल्की बारिश शुरू थी। संजय राउत ने यात्रा में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए यह साफ किया कि देश में कांग्रेस के बिना बीजेपी को फाइट देने की केजरीवाल, अखिलेश और केसीआर जैसे नेताओं की सोच गलत है। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है जिसकी देश भर में व्यापक पहुंच है। देश भर में राहुल गांधी के नेतृत्व के लिए लोगों में एक स्वीकार का भाव है। राहुल को मै आवाज उठाने वाले नेता के तौर पर देखता हूं। संजय राउत ने यह भी साफ किया कि शिवसेना आने वाले वक्त में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव लड़ेगी।



मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का बीकेसी बांद्रा पूर्व में लाखों मुंबई वासियों के उपस्थिति में भव्य स्वागत किया गया।

# प्रजापति समाज मुंबई का वार्षिकोत्सव 26 जनवरी को

**मुंबई।** प्रजापति समाज मुंबई का वार्षिकोत्सव विगत वर्षों की भांति इस वर्ष रविवार 26 जनवरी 2023 को मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्यारेलाल प्रजापति हॉल सेक्टर 1, एरोली नवी मुंबई में दोपहर 1:00 से शाम 8:00 बजे तक संचालित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश प्रजापति बी.ई. गोल्ड मेडलिस्ट, सी.एम.डी. प्रजापति कंट्रक्शन होंगे। इसके साथ साथ तमाम प्रशासनिक अधिकारी व व्यवसायी के साथ समाज सेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर रामजन्म प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 2 वर्ष कोरोना महामारी के चलते स्थापना दिवस समारोह बड़े पैमाने पर नहीं बनाया जा सका। 2 वर्ष बाद इस बार समाज का स्थापना दिवस बड़े पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्वजातीय बंधुओं से अपील किया है कि 26 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# पहलवान विनेश फोगाट बेबस हो कर बोलीं, खुलेतौर पर नहीं कर सकते खुलासा, जीवन-परिवार को है खतरा



**रेसलिंग** फेडरेशन ऑफ इंडिया का मामला और अधिक गरम होता जा रहा है। एक तरफ गरम तेवर दिखा रहा है तो दूसरी तरफ महिला महिला पहलवानों की बेबसी दिख रही है। वो सीधे लड़ाई लड़ने से कतरा रही हैं। जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन जारी है। पहलवानों के साथ-साथ देश के अन्य खेल से जुड़े खिलाड़ियों का भी समर्थन में आ रहे हैं। कई खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप का बायकॉट कर दिया है और जंतर मंतर के लिए रवाना हो गए हैं। पहलवान विनेश फोगाट ने कहाकि, हम सभी मुद्दे रख रहे हैं। ये सिर्फ कुश्ती की बात होती तो क्या पता एक घंटे की बैठक में समाधान हो जाता। ये एक लड़की का नहीं बहुत सारी लड़कियों का मामला है। हम खुलेतौर पर एक-एक का खुलासा नहीं कर सकते, इस तरह से उनके जीवन और परिवारों को खतरा होगा। पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, रवि दहिया और दीपक पुनिया से मिले पत्र पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए आज शाम 5.45 बजे आईओए की कार्यकारी परिषद की आपात बैठक होगी।

# गणतंत्र दिवस पर वायुसेना के 50 एयरक्राफ्ट बिखेरेंगे छटा

## नौसेना का आईएल-38 भी शामिल होगा इवेंट में

### दो भागों में होगा गणतंत्र दिवस परेड फ्लाई पास्ट

गणतंत्र दिवस परेड फ्लाईपास्ट को दो भागों में बांटा गया है। पहले भाग में प्रचंड विभिन्न संरचनाओं को प्रदर्शित करेगा। उसके बाद तिरंगा, ध्वज, रुद्र और बाज अपना प्रदर्शन दिखाएंगे। यह जानकारी रक्षा पीआरओ विंग कमांडर इंद्रनील नंदी ने दी। इसके बाद क्रमशः टंगेल, वज्रंग, गरुड़, नेत्र, भीम, अमृत, त्रिशूल और विजय विभिन्न संरचनाओं को प्रदर्शित करते नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, कुल 18 हेलीकॉप्टर, 8 ट्रांसपोर्टर विमान और 23 लड़ाकू विमान होंगे।



## 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के साथ होगा समारोह का आगाज

### कर्तव्य पथ पर सीटों की संख्या घटी

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बताया कि गणतंत्र दिवस के आयोजनों में आम लोगों की भागीदारी इस वर्ष के समारोह का प्रमुख विषय है। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात है - 23 जनवरी को पराक्रम दिवस - जिसके साथ हम इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कर्तव्य पथ पर सीटिंग प्लान नहीं के साथ बदला गया। सीटों की संख्या घटाकर 45,000 कर दी गई है। इन सीटों में से 32,000 सीटें इस साल आम जनता के लिए ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगी, बीटिंग रिट्रीट में कुल सीटों की 10% सीटें ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं।



### 'श्रमयोगी' बनेंगे समारोह का हिस्सा

मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि सेंट्रल विस्टा और नए संसद भवन के निर्माण के लिए काम करने वाले 'श्रमयोगी' इस समारोह का हिस्सा बनेंगे। इसके अलावा सब्जी और दूध बूथ विक्रेता गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेष आमंत्रित होंगे और गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य मंच के सामने बैठेंगे।

**कर्तव्य पथ पर ट्रैफिक प्रतिबंधित :** इस बीच दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि गणतंत्र दिवस के पूर्वाभ्यास के मद्देनजर 18, 20, 21 जनवरी को सुबह 10.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कर्तव्य पथ पर ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। सलाहकार ने उत्तर से दक्षिण दिल्ली और इसके विपरीत आने के लिए मार्गों का सुझाव दिया।




# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर समुद्र तट स्वच्छता अभियान का किया गया आयोजन






**मुंबई।** एम.के.ई.एस. कॉलेज ऑफ लॉ, मलाड वेस्ट के डी.एल.एल.ई. और एन.एस.एस. ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी, 2023 को समुद्र तट स्वच्छता अभियान का आयोजन किया था। डॉ. श्रीमती एंसी जोस - डायरेक्टर का कहना है कि, मलाड कांदिवली एजुकेशन सोसाइटी के प्रत्येक छात्र ने हमेशा समाज को कुछ वापस देने में विश्वास किया है - चाहे वह शिक्षा में हो या समाज के सामाजिक कल्याण की देखभाल करना हो, हम विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी कर रहे हैं जो समाज के उत्थान में मदद करता है। डॉ. वंदना दुबे, प्रधानाचार्य कहती हैं, आज जब युवा समुद्र तटों के प्रति इतने अधिक आकर्षित हैं, तो इसकी सफाई सबसे महत्वपूर्ण होनी चाहिए। हमारे बच्चों ने सफाई करके और हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाकर इसे एक बिंदु बना दिया है।

# मारवाड़ी जनकल्याण परिषद द्वारा ग्रामीणों के बीच मनाई गई मकर संक्रांति

**मुंबई हलचल / संवाददाता**



**मुंबई।** मारवाड़ी जनकल्याण परिषद, भायंदर द्वारा पिछले ग्यारह वर्षों से जरूरतमंदों को स्कूल फीस, ट्राई साइकल, व्हील चेयर, सिलाई मशीन, दीपावली पर खाद सामग्री का वितरण इत्यादि कार्य किए जाते हैं। परिषद द्वारा प्रतिवर्ष वंचितों और दिव्यांगों को कंबल, चादर, बर्तन, खाद्य सामग्री आदि का वितरण करके मकर संक्रांति मनाई जाती रही है। इस वर्ष परिषद द्वारा मनोरी नामक एक छोटे से आदिवासी गांव में ग्राम वासियों के साथ मकर सक्रांति पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सामूहिक नाश्ते का आयोजन किया गया और फिर परिषद द्वारा गांव के सकड़ों परिवारों को कंबल,खाद्य सामग्री, तिल के लड्डू और सूखी खिचड़ी आदि का वितरण किया गया है। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं सहित गांव की महिला, पुरुष, बच्चे, बड़े सभी उपस्थित थे। कार्यक्रमों में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर नरेंद्र गुप्ता का परिषद द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था की कार्यकारिणी सदस्य योगिता शर्मा ने मकर संक्रांति पर्व के महत्व और मारवाड़ी जन कल्याण परिषद की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, महावीर शर्मा, सचिव संदीप सराफ के अतिरिक्त वरिष्ठ सदस्य श्री जयप्रकाश गुप्ता, राजेंद्र तिवाड़ी, भरत अग्रवाल, विमल अग्रवाल, सुशील पोद्दार, जितेंद्र कोठारी,ताराचंद टेलर, विनोद, समीर मालपानी निरूपा दवे, सुनीता जांगीड़,करुणा चौधरी आदि उपस्थित थे। परिषद द्वारा भविष्य में भी ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन करने का निर्णय किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल

**जरूरी सूचना**

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक


9821238815

# सहयोगी दलों में दरारें तो कहीं टिकिट बंटवारा बनेगा सिरदर्द

## त्रिपुरा-नगालैंड और मेघालय में कौन कितना मजबूत जानिए यहां के समीकरण

**संवाददाता / नई दिल्ली**

त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। त्रिपुरा में 16 फरवरी और नगालैंड-मेघालय में 27 फरवरी को एक-एक चरण में मतदान होगा। तीनों ही राज्यों में 60-60 सदस्यीय विधानसभा है। त्रिपुरा में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, नगालैंड में एनडीपीपी के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं। मेघालय में एनपीपी के कोनराड संगमा की सरकार है। दोनों राज्यों में भाजपा सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा है। नगालैंड विधानसभा का कार्यकाल 12 मार्च, मेघालय विधानसभा का 15 मार्च और त्रिपुरा विधानसभा का कार्यकाल 22 मार्च को समाप्त हो रहा है। आइए जानते हैं तीनों राज्यों में कौन सी पार्टी कितनी मजबूत है




### कांग्रेस-सीपीएम की जुगलबंदी

**त्रिपुरा**

2018 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। भाजपा ने यहां 25 साल से शासन कर रहे लेफ्ट को बेदखल किया था। बिप्लब देब राज्य मुख्यमंत्री बने। 2022 में भाजपा ने देब की जगह मानिक साहा को राज्य की कमान सौंपी। अब साह पर भाजपा को सत्ता में वापसी कराने की जिम्मेदारी होगी। 60 सीटों वाली विधानसभा में 31 सीट पर बहुमत मिलता है। भाजपा ने पिछले चुनाव में 36, सीपीएम 16 व आईपीएफटी ने 8 सीट जीती थी। बीते कुछ महीनों से राज्य में सियासी उथलपुथल जारी है। एक तरफ भाजपा ने 2018 में जीत दिलाने वाले बिप्लब कुमार देब को हटाकर मानिक साहा को मुख्यमंत्री बना दिया तो कई नेता पार्टी से अलग भी हो गए। वहीं, आदिवासी अधिकार पार्टी भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा बनाने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही कई नेता पार्टियां बदल रहे हैं। हमेशा एक-दूसरे की धुर विरोधी रही कांग्रेस और सीपीएम ने इस बार हाथ मिला लिया है।

### एनपीपी, भाजपा में दरारें

**मेघालय**

2018 में राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और भाजपा गठबंधन की सरकार बनी थी। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। हालांकि, बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई थी। एनपीपी-भाजपा ने गठबंधन किया था और एनपीपी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने। यहां भी चुनाव से पहले राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। यहां तक की गठबंधन सरकार चला रही एनपीपी और भाजपा के बीच भी दरारें दिख रही हैं। हाल ही में दो विधायक एनपीपी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। कहा जहा रहा है कि 2018 की तरह ही इस बार भी दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे। मेघालय में भी 60 सीटे हैं। गत चुनाव में कांग्रेस ने 21, एनपीपी ने 20, भाजपा-02 व अन्य ने 17 सीटें जीती थीं।

### नगालैंड: सीटों को लेकर होगा विवाद

2018 के विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) में दो टुकड़ों में बंट गई थी। बागियों ने नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) बनाई। पार्टी के बड़े नेता और राज्य के मुख्यमंत्री रहे नेफ्यू रियो बागी गुट के साथ चले गए। चुनाव से पहले एनपीएफ ने भाजपा से गठबंधन तोड़ लिया। भाजपा और एनडीपीपी ने मिलकर चुनाव लड़ा। एनडीपीपी को 17 तो भाजपा को 12 सीटों पर जीत मिली। गठबंधन सत्ता में आया और नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री बने। नेफ्यू रियो के सीएम बनने के बाद 27 सीट जीतने वाली एनपीएफ के ज्यादातर विधायक एनडीपीपी में शामिल हो गए। बाद में एनपीएफ ने भी सत्ताधारी गठबंधन को समर्थन दे दिया। मौजूदा समय में राज्य विधानसभा के सभी 60 विधायक सत्तापक्ष में हैं। इस बार यहां सीट बंटवारे में विवाद हो सकता है।

# फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान

## बोले-शंकराचार्य जी के बाद राहुल गांधी दूसरे व्यक्ति जिसने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला आज एक बड़ा बयान देकर हलचल मचा दी है। फारूक अब्दुल्ला ने राहुल गांधी की तुलना आदि शंकराचार्य से कर दी। उन्होंने कहाकि, मैं समझता हूं कि ये एक बड़ा कदम राहुल गांधी ने उठाया है। आज तक सिर्फ शंकराचार्य जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पहुंचे। ये(राहुल गांधी) दूसरा शख्स है जो मुल्क को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक आ रहा है। अब्दुल्ला ने ये भी कहा कि, ये 'राम' और 'गांधी' का देश है। भारत जोड़ो यात्रा ने गुरुवार शाम को जम्मू में एंट्री की थी। आज शुक्रवार को दूसरा दिन है। भारत जोड़ो यात्रा का आज 125वां दिन है। सुबज कठुआ के हटली मोड़ से राहुल गांधी ने यात्रा शुरू की।

### जब तक पाकिस्तान से वार्ता नहीं हो जाती, तब तक मुद्दा रहेगा जिंदा

पाकिस्तान और आतंकवाद पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि, जब तक पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं हो जाती, तब तक यह मुद्दा जीवित रहेगा। मैं आपको अपने खून से लिखित में देने जा रहा हूं कि आतंकवाद जिंदा है और यह तब तक खत्म नहीं होगा जब तक आप पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे।

### यात्रा का उद्देश्य नफरत के खिलाफ देश को एकजुट करना

भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य के बारे में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि, यात्रा का उद्देश्य नफरत के खिलाफ देश को एकजुट करना है। यह गांधी और राम का देश है, जहां हम सभी एक हैं। भारत में नफरत पैदा की जा रही है और धर्मों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है।

# गुवाहाटी में ट्रक से दो करोड़ रुपये से अधिक का गांजा जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी के खानापारा में गुरुवार रात को एक ट्रक से दो करोड़ रुपये से अधिक का प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत ने कहा कि करीब 320 किलोग्राम वजन का गांजा ड्राइवर के केबिन के साथ बनाए गए कक्ष में छिपाया गया था। हमें गांजा बरामद करने के लिए ट्रक की बॉडी को काटना पड़ा। महंत ने कहा कि मादक पदार्थ मणिपुर से मंगाए जा रहे थे और अंतराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सफल ऑपरेशन पर गुवाहाटी पुलिस को बधाई दी है।

# हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण नियम कायदों की धज्जियां उड़ा कर काला धन इकट्ठा करने में मशगूल

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा राजनीतिक के सह संयोजक व समाजसेवी प्रेमचंद सैनी के नेतृत्व में पीड़ित किसानों ने शहरी विकास मंत्री उत्तराखंड सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया! ज्ञापन में पीड़ित किसानों ने प्रेमचंद अग्रवाल शहरी विकास मंत्री उत्तराखंड सरकार से गुहार लगाई है कि हीरो रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक आवासीय प्रोजेक्ट अलकनंदा तहसील रुड़की के अंतर्गत पतंजलि योगपीठ के पास ग्राम शांतरशाह ग्राम पंचायत पंचायनपुर ग्राम भारापुर भोरी गांव के मध्य कृषि भूमि पर बसाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को पास करने में एचआरडीए हरिद्वार के अधिकारियों ने मोटा पैसा काला धन कमाया है। और विभाग के सभी नियम कानूनों को ताक पर रखकर यह इस प्रोजेक्ट को आंख बंद कर पास कर दिया है जो कि बिल्कुल गैरकानूनी है। ज्ञापन में पीड़ित किसानों ने आरोप लगाया है कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण नियम कायदों की धज्जियां उड़ा कर काला धन इकट्ठा करने करने में मशगूल है। ज्ञापन में किसानों ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट में त्रुटियां हैं जिनको पास करने से पहले हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण को सोचना चाहिए था। किसानों ने बिंदुवार प्रोजेक्ट को पास करने की



खामियों को गिनवाया गया है। ग्राम समाज के फर्जी प्रस्ताव, ग्राम समाज की भूमि पर कंपनी की, खेतों की चकरोड रास्तों पर प्लाटिंग, खेतों की सरकारी सिंचाई नालियों पर प्लाटिंग, कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर के झूठे शपथ पत्र, खेती की जमीनों की रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी में करोड़ों रुपयों की चोरी, किसानों को डरा धमका कर कौड़ियों के भाव खरीदी जमीन, आदि और भी कई बिंदु किसानों ने ज्ञापन में गिनाए गए हैं, ज्ञापन में पीड़ित किसानों ने आरोप लगाया है कि उक्त कंपनी अभी भी आसपास के किसानों को डरा धमका रही है, और बंदूकधारी गार्डों से किसानों में खौफ पैदा कर रही है, कंपनी के बंदूकधारी गार्ड किसानों को डराने का काम कर रहे हैं, इस प्रोजेक्ट के मैनेजर धीरज त्यागी के संबंध बड़े बड़े क्रिमिनल व एनसीआर के बड़े-बड़े भू माफियाओं से है, धीरज त्यागी लगातार प्रयासरत रहता है कि किसानों को डरा धमका कर इनकी भूमि सस्ते दामों पर खरीद कर बड़े भूमाफिया को उचित दामों पर बेचकर मोटा पैसा कमाया जाए, धीरज त्यागी के परिवार व रिश्तेदारों के नाम पर बेनाम संपत्ति अथाह है, पीड़ित किसानों द्वारा इन सभी बंधुओं पर जांच की मांग की गई है, यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, और मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को भी भेजी गई है।

## ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर को ज्ञापन दिया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आहवान पर राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नितियों एवं संवादहीनता के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन के छठे चरण के तहत राजधानी जयपुर में विशाल महाआक्रोश, महारैली दिनाक 23.012023 को आहूत की जानी है। इसको लेकर रायपुर पंचायत समिति के सभी



ग्राम विकास अधिकारियों ने विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि 23.01.2023 को सामूहिक अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने की अनुमति दी जाए। इस मौके पर रायपुर ब्लॉक के सचिव संघ के अध्यक्ष नारायण लाल सालवी, गणपत सिंह चुंडावत एवं सभी सचिव गण मौजूद रहे। उक्त जानकारी पत्रकार गोपाल मेघवंशी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

## संयुक्त निदेशक महलावत को संगठन ने भावभीनी विदाई दी

**मुंबई हलचल / भैरू सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक सुभाष महलावत सिरोही का अजमेर स्थानान्तरण पर महात्मा गांधी विद्यालय में साफापोशी कर माल्यार्पण कर विदाई दी गई। उपशाखा अध्यक्ष छगनलाल भाटी ने बताया कि मुख्य महामंत्री गहलोत ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही के पद पर काबिज सुभाष महलावत का संयुक्त निदेशक पद पर पदोन्नति उपरान्त नवीन पदस्थापन स्थान अजमेर किये जाने पर संगठन की ओर से भावभीनी विदाई दी गई साथ ही संयुक्त निदेशक का सिरोही में शिक्षकों के प्रति सकारात्मक व्यवहार एवं मिलनसार रहकर शिक्षकों की समस्याओं के प्रति गम्भीरता दिखाकर कार्य किया जो सदैव यादगार रहेगा। ऐसे व्यक्तित्व को शिक्षा विभाग के प्रमुख कार्यालय में पदासीन किया जाये तो शिक्षकों की सेवारत समस्याओ का समाधान जल्दी हो सकेगा शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेश खत्री, महेन्द्रपाल परमार, भंवरलाल हिन्डोनिया, नितेश शर्मा, कुलदीपसिंह कविराज, विनोद कुमार, संदीप कुमार, डॉ.दिनेश कुमार, सरोज मौर्य, कुलदीप बांगडा, रमेशकुमार, आदेश, चमचम कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।



# नशा तस्कर के साथ मिलीभगत के आरोप में 3 पुलिसकर्मी बर्खास्त, मामला दर्ज

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**बौध।** ओडिशा के बौध जिले में नशा तस्कर के साथ मिलीभगत के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने गांजा तस्कर को गांजे के साथ पकड़ने के बावजूद ऐसे ही जाने दिया। साथ ही बरामद किए गांजे को पुलिस रिकॉर्ड में रखने के बजाय अपने सरकारी क्वार्टर में रखा। मामले के खुलासे के बाद जांच हुई और जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद तीनों पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त किए गए पुलिसकर्मियों में एक बागीपाड़ा पुलिस चौकी के अधिकारी सनातन प्रधान और दो कॉन्स्टेबल संजीव प्रधान और केशाब प्रधान शामिल हैं। खबर के अनुसार, बीती 17 जनवरी को बागीपाड़ा इलाके में पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल पर 13 किलो गांजा लेकर जा रहे एक आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ा। पुलिसकर्मी आरोपी को लेकर पुलिस चौकी पहुंचे लेकिन वहां आरोपी और पुलिसकर्मियों के बीच सांठगांठ हो गई तो पुलिसकर्मियों ने आरोपी को बिना कोई कार्रवाई किए छोड़ दिया। इतना ही नहीं आरोपी पुलिसकर्मियों ने जब्त किए गए गांजे को पुलिस रिकॉर्ड में रखने के बजाय पुलिस चौकी के स्टोर रूम में रखा। इसके बाद आरोपी गांजे को अपने साथ अपने सरकारी क्वार्टर में ले गए और वहां गांजा रखा। बौध एसपी प्रहलाद मीना को घटना के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने बौध पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर इंचार्ज से मामले की जांच कराई। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों के सरकारी क्वार्टर से जब्त किया गया गांजा भी बरामद हो गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया। जांच में ये भी पता चला कि आरोपी पुलिसकर्मियों की स्थानीय गांजा तस्कर के साथ मिलीभगत थी। ओडिशा की दक्षिण रेंज के आईजी पुलिस सत्यब्रत भोई ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दुर्घटना के बाद महिला ने कार चालक को बोनट पर घसीटा, पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक दुर्घटना के बाद अपनी कार के बोनट पर दर्शन नाम के व्यक्ति को घसीटने के आरोप में आईपीसी की धारा 307 के तहत चालक प्रियंका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। दर्शन दूसरी कार का चालक है। वहीं इस मामले में चार अन्य लोग दर्शन, यशवंत, सुजान और विनय के खिलाफ धारा 354 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। यह दुर्घटना उल्लाला मुख्य सड़क के पास हुई जो ज्ञानभारती थाना के अंतर्गत आता है। डीसीपी पश्चिम ने यह जानकारी दी।

# रोजाना खाएं अदरक का 1 टुकड़ा, मिलेंगे अनगिनत फायदे

अदरक एक भारतीय मसाला है जो हर घर में रोजाना इस्तेमाल होता है। इसकी तासीर गर्म होने के कारण इसका अधिकतर सेवन सर्दियों में किया जाता है। इस मौसम में अदरक खाने से खांसी- जुकाम, बलगम जैसी परेशानियों से बचा जा सकता है। अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं। आज हम उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे। चलिए जानते है एक टुकड़ा अदरक रोजाना खाने से शरीर को किस प्रकार फायदा मिलता है।

**1. जी मिचलाना**

जी मिचलना और उल्टी की समस्या को रोकने के लिए अदरक औषधि की तरह का काम करता है। 1 चम्मच अदरक के जूस में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसको हर दो घंटे बाद पीएं। जल्द ही राहत मिलेगी।

**2. गठिया दर्द में रहात**

अदरक में एंटी-इन्फ्लॉमेट्री प्रॉपर्टीज होती है जो जोड़ों के दर्द को खत्म करने में सहायक है। अदरक को खाने से या इसका लेप लगाने से भी दर्द खत्म होता है। इसका लेप बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें। उसमें हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को दिन में दो बार लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. मासिक धर्म में फायदेमंद**

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत दर्द होती है। ऐसे में अदरक की चाय काफी फायदा पहुंचाती है। इसलिए दिन में 2 बार अदरक की चाय पीएं। इससे दर्द कम होगा।



**4. सर्दी- जुकाम और फ्लू**

सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी छोटी-मोटी समस्या होना आम है। इससे बचने के लिए नियमित रूप से अदरक का सेवन करें। यह शरीर को गर्म रखता है जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर गर्म बना रहता है।

**5. माइग्रेन का इलाज**

जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है उनके लिए अदरक रामबाण है। जब भी माइग्रेन का अटैक आए, तब अदरक की चाय बना कर पीएं। इसको पीने से माइग्रेन में होने वाले दर्द और उल्टी से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**6. दिल को रखता है स्वस्थ**

अदरक कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने, ब्लड प्रेशर को ठीक रखने, खून को जमने से रोकने का काम करता है। इससे दिल संबंधित बीमारियां भी नहीं होती है। इसलिए अपनी डाइट में अदरक को शामिल करें।

**7. पाचन तंत्र मजबूत**

अदरक पेट फूलने, कब्ज, गैस, एसीडिटी जैसी समस्याओं को ठीक रखने में भी सहायक है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती है वह रोजान सुबह खाली पेट अदरक का सेवन करें।

**8. मोर्निंग सिकनेस**

मोर्निंग सिकनेस की समस्या अधिकतर गर्भवती महिलाओं को होती है। रोजाना सुबह अदरक के 1 टुकड़े को चबा कर खाएं। कुछ दिनों तक अदरक खाने से मोर्निंग सिकनेस की समस्या दूर हो जाएगी।

**9. ऊर्जा करें प्रदान**

सर्दियों में अदरक खाने से शरीर गर्म तो रहता ही है साथ ही उसे एनर्जी भी मिलती है। रोजाना सुबह अदरक वाली चाय पीने से शरीर में चुस्ती- फुर्ती बनी रहेगी।

# लड़कियों को जरूर पता होने चाहिए ब्यूटी हैक्स से जुड़े ये 5 ट्रिक्स

लड़कियां खुद को सुंदर दिखाने के लिए हर तरह की कोशिश करती है। कुछ लड़कियां खूबसूरत दिखने के लिए ब्यूटी पार्लर तो कुछ घरेलू नुस्खों का सहारा लेती है। कई बार ब्यूटी पार्लर या घरेलू नुस्खों के बारे में पता न होने के कारण वो अपनी नुकसान कर बैठती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहे है जिसे हर लड़की को पता होने चाहिए। इनकी मदद से आप बिना किसी नुकसान के खुद को खूबसूरत बना सकती है। इन आसान ब्यूटी हैक्स से आप खुद को और भी सुंदर दिखा सकती है। तो चलिए जानते है खूबसूरत को बढ़ाने वाले इन ब्यूटी हैक्स के बारे में।



**1. बेकिंग सोडा**

पीले दांत आपके फर्स्ट इंप्रेशन को खराब कर देते है। इससे छुटकारा पाने के लिए 1 चम्मच बेकिंग सोडा में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड की 2-3 बूंदें मिलाएं। रोजाना इसे टूथपेस्ट की तरह इस्तेमाल करने से दांतों का पीलापन गायब हो जाएगा।

**2. शहद का फेस पैक**

शहद में मौजूद ऐंटीबैक्टिरियल गुण चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते है। रोजाना इसे फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाने से आपके दाग-धब्बों और कील-मुंहासों से छुटकारा तो मिलेगा साथ ही इससे यह प्रॉब्लम दोबारा नहीं होगा।

**3. चावल का पानी**

बालों को सॉफ्ट बनाने के लिए आप कई तरह के हेयर प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल करती है। इसकी बजाए आप शैंपू के बाद बालों पर 5 मिनट के लिए चावल का पानी लगाएं। इसके बाद सिर को ठंडे पानी से धोएं। इससे आपके बाल नेचुरल कंडीशन हो जाएंगे।

**4. पेट्रोलियम जेली**

चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने के लिए आप रोजाना पेट्रोलियम जेली लगाएं। रोजाना चेहरे पर पेट्रोलियम जेली लगाने से आपकी चेहरे की खोई हुई रंगत वापस आ जाएगी।

**5. शेविंग**

लड़कियां अनचाहें बालों से छुटकारा पाने के लिए शेविंग क्रीम का इस्तेमाल करती है, जिसके कारण त्वचा सख्त और रूखी हो जाती है। ऐसे में शेविंग से पहले हेयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

इससे बाल सॉफ्ट भी रहेंगे और कोई प्रॉब्लम भी नहीं होगी।

# यूरिन इंफैक्शन को जड़ से खत्म करेंगे ये छोटे-छोटे नुस्खे

यूरिन इंफैक्शन यानी पेशाब करते समय जलन या दर्द होना। यह समस्या स्त्री या पुरूष दोनों को कभी भी हो सकती है। कई बार तो यह समस्या कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है लेकिन बहुत सी बार डॉक्टरों के पास जाने तक की नौबत आ जाती है। हम लोग अक्सर यूरिन इंफैक्शन को अनदेखा कर देते है जो बाद में कई समस्याओं का कारण बनता है। ऐसे आपको चाहिए कि जब भी यूरिन करते समय जलन या दर्द हो तो तुरंत इलाज शुरू कर दें, ताकि बाद में किसी प्रकार की कोई बड़ी बीमारी होने का खतरा टल जाए। आज हम आपको यूरिन इंफैक्शन के कारण, लक्षण और इसके इलाज के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें आप घर पर ही ट्राई करके देख सकते है।

**यूरिन में जलन के कारण**

मूत्र मार्ग में संक्रमण या ब्लैडर में सूजन
किडनी में पथरी होना
शरीर में पानी की कमी
लीवर प्रॉब्लम होना
रीढ़ की हड्डी में चोट लगना
शुगर की बीमारी होना

**यूरिन में जलन के लक्षण**

यूरिन से स्मैल आना
ब्लैडर में दर्द रहना
बार-बार यूरिन आना
यूरिन का रंग पीला हो जाना
बूंद-बूंद पेशाब आना
पेट और मूत्र मार्ग में जलन

चलिए आपको बताते है पेशाब करते समय जलन और दर्द के कुछ घरेलू इलाज:-

**1. अधिक पानी पीना**

अगर यूरिन लग कर आ रहा है तो हर एक घंटे में पानी का गिलास पीएं। इससे ब्लैडर में जमा हुए बैक्टीरिया बाहर निकल जाएंगे और शरीर में पानी की कमी भी नहीं होगी।

**2. सिट्रिक एसिड युक्त फल**

जिन फलों और सब्जियों में सिट्रिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, उनका सेवन करें। यह एसिड यूरिन इंफैक्शन बनाने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर देता है। ऐसे में खट्टे फल यानी नींबू, मौसमी अन्य आदि का सेवन करें।

**3. नारियल पानी पीएं**

नारियल पानी पीने से भी यूरिन के दौरान होने वाली जलन कम हो सकती है। साथ ही रोजाना नारियल पानी पीने से शरीर को पानी और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मिलते है।

**4. चावल का पानी**

आधा गिलास चावल के पानी में चीनी मिलाकर पीने से यूरिन में होने वाली जन कम हो सकती है।

**5. बादाम और इलायची**

बादाम की 5 गिरी में 7 छोटी इलायची और मिसरी डालकर पीस लें। फिर इसे पानी में घोलकर पीएं। इससे दर्द और जलन कम होती है।

**यूरिन इंफैक्शन के आयुर्वेदिक उपचार**

**1. आंवला और इलायची**

आंवले का चूर्ण में इलायची मिलाकर पानी के साथ पीएं। इससे यूरिन की जलन कम होगी।

**2. बेकिंग सोडा और पानी**

अगर यूरिन इंफैक्शन के दौरान बार-बार पेशाब आए तो 1 गिलास पानी में 1 चम्मच सोडा मिलाकर पीएं। इससे एसिडिटी और जलन की समस्या कम होगी।

**3. गेहूं और मिसरी**

रात को सोने से पहले 1 मुट्ठी गेंहू को पानी में भिगोएं और सुबह उसी पानी को छान लें। फिर उसमें मिसरी मिलाकर खाएं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# शाहिद कपूर के आलीशान घर में किराये पर रहेंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन पिछले काफी समय से अपने लिए एक खूबसूरत घर की तलाश कर रहे थे और अब ऐसा लग रहा है कि उन्हें अपना मनपसंद घर मिल गया है। यह घर किसी और का नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर का ही है जो जुहू में मौजूद है। कहा जा रहा है कि कार्तिक इस बंगले के लिए शाहिद को हर महीने मोटी रकम रेंट में देने जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक, तीन साल के लिए लीज अग्रीमेंट तैयार हो गया है और कार्तिक ने इसके लिए 45 लाख रुपये सिक्यॉरिटी डिपॉजिट के तौर पर भरे हैं। इस अग्रीमेंट के मुताबिक कार्तिक शाहिद को एक साल तक 7.50 लाख रुपये हर महीने बतौर रेंटल अमाउंट भरेंगे। इसी के साथ हर साल 7% अमाउंट बढ़ता जाएगा। यानी कार्तिक दूसरे साल जो रेंट शाहिद को देंगे वह 8.2 लाख रुपये हर महीने होगा और तीसरे साल में यही अमाउंट बढ़कर 8.58 लाख रुपये हो जाएगा। खबर के मुताबिक, कार्तिक की मां माला तिवारी और शाहिद की वाइफ मीरा राजपूत स्टैम्प ड्यूटी और 36 महीने के लीज रजिस्ट्रेशन प्रॉसेस का काम पूरा किया है।

# प्रियंका चोपड़ा ने सरोगेसी का रास्ता चुनने पर तोड़ी चुप्पी

**बीते** साल जवनरी में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस सरोगेसी के जरिए एक बेटी के मम्मी-पापा बने थे, जिसका नाम उन्होंने मालती मैरी चोपड़ा जोनस रखा। लेकिन इस सरोगेसी के लिए प्रियंका चोपड़ा को खूब खरी-खोटी भी सुनाई गयी थी। जिसका जवाब अब खुद एक्ट्रेस ने दे दिया हैं। दरअसल हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि उनकी प्रेग्नेंसी में परेशानी आ रही थी, जिसके बाद उन्होंने सरोगेसी का सहारा लेने का फैसला किया। प्रियंका चोपड़ा ने इस बारे में कहा, मुझे कुछ मेडिकल परेशानियां थीं। प्रियंका चोपड़ा ने इस बारे में आगे कहा, यह एक जरूरी कदम था और मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि यह कदम मैं उठा सकती थी। उन्होंने सरोगेट के बारे में बात करते हुए कहा, हमारी सरोगेट भी बेहद प्यारी थीं। वह दयालू हैं, मजाकियां हैं और उन्होंने हमारे इस तोहफे का छह महीने तक बेहद अच्छे से ख्याल रखा। वही प्रियंका चोपड़ा ने इस दौरान सेरोगेसी के बारे में भी बात की। जहां एक्ट्रेस ये कहते हुए दिखी की, मैं सेरोगेसी के बारे में बात भी नहीं करना चाहती हूं, आप नहीं जानते है की मैं उस वक़्त किस दर्द से गुजरी हूं, मैं अपनी मेडिकल हिस्ट्री किसी के भी साथ नहीं साझा करना चाहती हूं। लेकिन अब ऐसा हो गया है की हम अपने कारण भी नहीं छुपा सकते। वही पीसी ने आगे अपना दर्द बयां करते हुए कहा की मुझे कोई परवाह नहीं है जब लोग मेरे बारे में ऐसे-वैसी बातें करते हैं। लेकिन मेरा खून तक खौल उठता हैं जब लोग मेरी बेटी पर सवाल करते है तो वह मैं बर्दाश्त नहीं कर पातीं। मेरा मानना है कि उसे तो कम से कम इन सबसे बाहर रखो। मैं अपनी जिंदगी के इस चैप्टर को लेकर बहुत सतर्क हूं। क्योंकि यह केवल मेरी ही नहीं, मेरी बेटी की जिंदगी का भी सवाल है।





# राधिका मदान को एकता कपूर का तमाचा



**राधिका मदान** ने टीवी से ही अपने करियर की शुरूआत की थी। वह 'मेरी आशिकी तुम से ही' से डेब्यू किया था। इसमें राधिका ने टीवी इंडस्ट्री के बारे में कहा था- मैंने 48 से 56 घंटे लगातार काम किया है। वो लोग ऐसे आते थे वैन में... स्क्रिप्ट पूछती थी तो कहते थे- आप सेट पर चलिए गरमागरम निकलकर आ रही है। और मोनोलॉग्स आते थे। ऐसा भी नहीं था। बोलते थे- रात का टेलीकास्ट है, जल्दी करिए जल्दी करिए। राधिका मदान ने कहा-हमारे डायरेक्टर्स हर महीने बदलते थे। जो डायरेक्टर फ्री हो गया वो आएगा। इनको कैरेक्टर्स याद है। मुझे याद है कि डायरेक्टर वहीं पर थे और मैं उनसे अपने किरदार के बारे में ही बस पूछ रही थी कि मेरा किरदार ऐसा नहीं है क्योंकि उसके साथ बचपन में ही ये सब हो गया है। वो डायरेक्टर इधर-उधर कर रहे थे। परेशान से हो गए थे और बाद में बोला कि राधिका जब हम मूवी करेंगे तो एक सीन को तीन दिन तक डिस्कस करेंगे। अभी ना रात का टेलीकास्ट है। तो यही बात मेरे दिमाग में बैठ गई कि तीन दिन मिलेंगे एक सीन को डिस्कस करने के लिए। जब मैंने 'मर्द' साइन की तो 4 महीने बाद शूट होना था और मेरे हाथ में स्क्रिप्ट थी। मुझे समझ नहीं आया कि इसका क्या करूं। तो हां ये सब मेरे लिए लग्जरी था। अब इन बातों से टीवी इंडस्ट्री के लोग आहत हो गए क्योंकि यहां राधिका ने डायरेक्टर्स के सेट पर बर्ताव को बुरा बताया था। आरोप लगाया था कि एन मौके पर डायरेक्टर्स सीन में बदलाव कर देते थे। इस पर प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लिखा- दुखद और शर्मनाक। एक्टर्स को अपनी जड़ों की कोई इज्जत नहीं है। शाबाश सायंतनी घोष।